## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 31.03.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से किया सम्मानित, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री भी रहे मौजूद।

2- राज्य में लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक और राजनीतिक सरगर्मी तेज, मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रत्येक जिले में की जा रही है आवश्यक पहल।

3- नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता, पलामू से दो उग्रवादी गिरफ्तार हथियार और कई मैगजीन बरामद।

4- राजधानी रांची समेत राज्यभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है ईस्टर का त्योहार, चर्चों में हुई विशेष प्रार्थना सभाएं, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने दी देशवासियों को बधाई।

*********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज पूर्व उपप्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से अलंकृत किया। राष्ट्रपति ने श्री आडवाणी को यह सम्मान उनके घर पर जाकर प्रदान किया। इससे पहले कल राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में पूर्व प्रधानमंत्रियों पी वी नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह के अलावा कृषि वैज्ञानिक एम. एस. स्वामीनाथन तथा दो बार बिहार के मुख्यमंत्री रहे कर्पूरी ठाकुर को भी मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया। उनके संबंधियों ने यह सम्मान ग्रहण किया। भारत रत्न देश का सर्वोच्च नागरिक अलंकरण है। यह मानव प्रयास के किसी भी क्षेत्र में असाधारण सेवा और उत्कृष्टतम कार्यो के लिए प्रदान किया जाता है।

*********************

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज उत्तर प्रदेश में चुनाव अभियान का शुभारम्भ करेंगे। वे मेरठ में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। भारतीय जनता पार्टी ने टीवी सीरियल रामायण प्रसिद्धि के अरूण गोविल को मेरठ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राष्ट्रीय लोकदल प्रमुख जयंत चौधरी और भारतीय जनता पार्टी के अन्य नेता इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे।

*********************

इधर, नई दिल्ली के रामलीला मैदान में विपक्षी इंडी गठबंधन की आज लोकतंत्र बचाओ रैली होगी। रैली में आम आदमी पार्टी, कांग्रेस समेत गठबंधन के कई प्रमुख नेताओं के शामिल होने की संभावना है। इस रैली में झारखंड के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन भी शामिल होंगे।

*********************

राज्य में लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक और राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गयी है। जहां एक ओर राजनीतिक दलों के बीच बैठकों का दौर जारी है, वहीं शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव के लिए सभी जिलों में प्रशासनिक गतिविधियां तेज है। इस कड़ी में देवघर के इंटरस्टेट बॉर्डर पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। देवघर के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विशाल सागर ने बताया कि शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए सभी तरह के एहतियाती कदम उठाये जा रहे हैं। साथ ही मतदाताओं को भी मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

*********************

जामताड़ा जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन की ओर से सभी आवश्यक पहल की जा रही है। चुनाव कार्य सहित अति आवश्यक सेवाओं में लगे अधिकारियों, कर्मियों को मतदान के लिए पोस्टल बैलट की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इस सिलसिले में उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी कुमुद सहाय ने जिले के वरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि पोस्टल बैलट से

मतदान को लेकर सभी आवश्यक प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इसके साथ ही जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रमों के जरिये युवा मतदाताओं को मताधिकार के प्रयोग के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

*********************

आगामी लोकसभा चुनाव में युवा मतदाताओं की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा जिले के ईएलसी सदस्यों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जमशेदपुर के साकची स्थित रविन्द्र भवन सभागार किया गया। कार्यशाला में उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल और उप विकास आयुक्त मनीष कुमार ने युवा मतदाताओं के बीच व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाने का संदेश दिया।

*********************

झारखंड भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने धनबाद लोकसभा सीट के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में धनबाद के निवर्तमान सांसद पशुपतिनाथ सिंह, चंदनकियारी विधायक सह नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, धनबाद विधायक राज सिन्हा, निरसा विधायक अपर्णा सेन गुप्ता और बाघमारा विधायक सह धनबाद लोकसभा से भाजपा के उम्मीदवार ढुल्लू महतो भी शामिल हुए। इस दौरान मीडिया से बातचीत में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि यह बैठक कार्यकर्ताओं में जोश भरने को लेकर आयोजित की गई थी, ताकि एक बार फिर धनबाद लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी का परचम लहरा सके। उन्होंने ढुल्लू महतो के नाम पर पार्टी के भीतर किसी प्रकार के विरोध से इनकार किया।

*********************


आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।


प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

*********************

पलामू जिले में पुलिस को नक्सलियों के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। जिले के हरिहरंगज थाना क्षेत्र से पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। जिले की पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने बताया कि गिरफ्तार नक्सलियों के पास से एसएलआर राइफल की आठ, एलएमजी की तीन मैगजीन, तीन कारतूस और एक देसी कारबाइन बरामद की गयी है।

*********************

रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा के नाम से व्हाट्सअप पर फर्जी अकाउंट बनाया गया है। जिला प्रशासन ने जानकारी साझा करते हुए कहा कि साइबर अपराधी मोबाइल नंबर सात आठ सात चार शून्य आठ छह पांच छह नौ से व्हाट्सअप पर फेक एकाउंट बनाकर लोगों को मैसेज कर अलग–अलग परिस्थिति का हवाला देकर पैसों की मांग कर रहे हैं। जिला प्रशासन ने आमजनों से अनुरोध किया है कि सोशल मीडिया के माध्यम से रांची

डीसी के नाम पर किसी तरह का मैसेज आने और पैसों की मांग करने पर ट्रांजैक्शन ना करें और तुरंत थाने में रिपोर्ट करें।

*********************

गिरिडीह जिले की बगोदर थाना पुलिस ने बीती रात जीटी रोड पर छापा मारकर तीन पिकअप वैन में लोड 16 गोवंशों को जब्त किया है। गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि गोवंशों को बिहार से कोलकाता ले जाया जा रहा था। इस सिलसिले में पुलिस ने चार गोवंश तस्करों को गिरफतार किया है।

*********************

ईस्टर का त्योहार आज राजधानी रांची समेत राज्यभर में मनाया जा रहा है। विश्वासियों का मानना है कि क्रूस पर चढ़ाए जाने के तीन दिन बाद प्रभु यीशु जीवित हो गए थे। कल रात राज्य भर के विभिन्न चर्चों में मध्य रात्रि ईस्टर प्रार्थनाएं आयोजित की गईं। हर्षोल्लासपूर्ण इस उत्सव को लेकर रांची में इसाई कब्रिस्तानों को आकर्षक तरीके से सजाया गया है।

*********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ईस्टर के अवसर पर भारत और विदेश में रहने वाले नागरिकों, विशेषकर ईसाइयों को बधाई दी है। अपने संदेश में उन्होंने कहा, यह त्योहार यीशु मसीह के पुनरुत्थान के उत्सव तथा प्रेम और करुणा का प्रतीक है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी लोगों को ईस्टर की शुभकामनाएं दीं हैं। श्री मोदी ने आशा व्यक्त की कि इस विशेष दिन पर नवीनीकरण और आशावाद का संदेश हर जगह गूंजेगा।

*********************

इंडियन प्रीमियर लीग क्रिकेट में आज दो मैच खेले जाएंगे। पहला मुकाबला दोपहर साढ़े तीन बजे अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच होगा। दूसरे मुकाबले में शाम साढ़े सात बजे विशाखापतनम के वाई. एस. राजशेखर रेड्डी स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स और डेल्ही कैपिटल्स आमने सामने होंगे।

*********************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में कल रात तेज हवा के साथ हुई बारिश से भारी नुकसान पहुंचा है। गिरिडीह जिले में आंधी–तूफान से कम से कम 16 स्थानों पर बिजली के पोल गिर गये। कई जगहों पर पेड़ भी गिर गये हैं और फसलों को भी नुकसान पहुंचा है। आंधी–तूफान और बारिश के कारण बिजली कड़कने से कई बिजली उपकरण भी खराब हो गये है। बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण जलापूर्ति भी प्रभावित हुई है।

*******समाप्त*************